# संचालनालय
# छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा
## ब्लाक-1, द्वितीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़
दूरभाष : 0771-2253808, फैक्स : 0771-2254234, ई-मेल : lfacg.cg@nic.in, वेब साईट : www.lfa.cg.nic.in


क्रमांक/सी.एस.ए./प्रशा./219/2019/1796 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 27/10/2021

## स्टेनोग्राफर (हिन्दी), स्टेनोटाइपिस्ट (हिन्दी) एवं डाटा एंट्री आपरेटर के पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग की सहमति क्रमांक 208/2145/2015/स्था./चार, नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 27.02.2021 एवं क्रमांक 843/2145/2015/स्था./चार, नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 22.09.2021 के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग के अधीन संचालनालय, छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा एवं अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, जगदलपुर, रायगढ़, अंबिकापुर एवं अन्य कार्यालय में स्टेनोग्राफर (हिन्दी), स्टेनोटाइपिस्ट (हिन्दी) एवं डाटा एंट्री आपरेटर के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा, लिपिक वर्गीय सेवा भर्ती नियम, 2016 में उल्लेखित शर्तों एवं प्रकिया अनुसार पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 12.11.2021 से छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर की वेबसाईट https://vyapam.cgstate.gov.in/ पर आमंत्रित किये जाते हैं।

**उपरोक्त परीक्षा आयोजन हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार है :-**

**पदनाम- स्टेनोग्राफर (हिन्दी), स्टेनोटाइपिस्ट (हिन्दी) एवं डाटा एंट्री आपरेटर भर्ती परीक्षा - 2021**

1. आनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि - 12.11.2021 (शुकवार)
2. आनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि - 05.12.2021 (रविवार) रात्रि 11:59 बजे तक
3. त्रुटि सुधार - 06 से 08 दिसंबर 2021
4. व्यापम की वेबसाईट पर प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि - 17.12.2021 (शुकवार)
5. परीक्षा की तिथि (संभावित) -
   - डाटा एंट्री आपरेटर - 19.12.2021
   - स्टेनोग्राफर/स्टेनोटापिस्ट (हिन्दी) - 26.12.2021
6. परीक्षा का समय -
7. परीक्षा केन्द्र -

**सीधी भर्ती के रिक्त पदों की संख्या एवं वेतनमान का विवरण निम्नानुसार है :-**

| क्र. | पदनाम | वेतनमान | श्रेणी | कुल रिक्त पद | सीधी भर्ती के संवर्गवार रिक्त पद | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | संवर्ग/जाति | कुल पद | मुक्त | महिला | निःशक्त | भूपूसै |
| 1 | स्टेनोग्राफर (हिन्दी) | वेतन मैट्रिक्स लेवल - 7 28700 | तृतीय | 01 | अनारक्षित | 01 | 01 | - | - | - |
| | | | | | कुल | 01 | 01 | - | - | - |
| 2 | स्टेनोटाइपिस्ट (हिन्दी) | वेतन मैट्रिक्स लेवल - 4 19500 | तृतीय | 03 | अनारक्षित | 01 | 01 | - | - | - |
| | | | | | अजा | - | - | - | - | - |
| | | | | | अजजा | 01 | 01 | - | - | - |
| | | | | | अपिव (क्रीमीलेयर को छोड़कर) | 01 | 01 | - | - | - |
| | | | | | कुल | 03 | 03 | - | - | - |
| 3 | डाटा एंट्री आपरेटर | वेतन मैट्रिक्स लेवल - 6 25300 | तृतीय | 01 | अनारक्षित | - | - | - | - | - |
| | | | | | अजा | - | - | - | - | - |
| | | | | | अजजा | 01 | 01 | - | - | - |
| | | | | | अपिव (क्रीमीलेयर को छोड़कर) | - | - | - | - | - |
| | | | | | कुल | 01 | 01 | - | - | - |

## आयु सीमा एवं शैक्षणिक अर्हताएँ :–

| क. | पदनाम | न्युनतम आयु | परिवीक्षा अवधि | विहित शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टेनोग्राफर (हिन्दी) | 18 से 30 वर्ष | 03 वर्ष | 1. किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण<br>अथवा<br>पुरानी हायर सेकेंडरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण<br>2.किसी मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था/शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) मुद्रलेखन परिषद् से – हिन्दी शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) में 100 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के लिये कौशल परीक्षा ली जाएगी)<br>3.किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एंट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र तथा डाटा एंट्री की 10,000 की–डिप्रेशन प्रति घंटे की गति (गति के लिये कौशल परीक्षा ली जाएगी) |
| 2. | स्टेनोटाइपिस्ट (हिन्दी) | 18 से 30 वर्ष | 03 वर्ष | 1.किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण<br>अथवा<br>पुरानी हायर सेकेंडरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण<br>2.हिन्दी शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) में 60 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के लिये कौशल परीक्षा ली जाएगी)<br>3.किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एंट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र तथा डाटा एंट्री की 5,000 की–डिप्रेशन प्रति घंटे की गति (गति के लिये कौशल परीक्षा ली जाएगी) |
| 3 | डाटा एंट्री आपरेटर | 18 से 30 वर्ष | 03 वर्ष | 1.किसी मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण<br>अथवा<br>पुरानी हायर सेकेंडरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण<br>2.किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एंट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एंट्री की 8,000 की **(key)**–डिप्रेशन प्रति घंटे की गति (गति के लिये कौशल परीक्षा ली जाएगी) |

यह नियुक्तियां माननीय उच्च न्यायालय द्वारा याचिका कमांक रिट पिटी.(सी) 591/2012, 592/2012, 593/2012, एवं 594/2012, में माननीय न्यायालय द्वारा पारित किये जाने वाले अंतिम आदेश /निर्णय के अध्यधीन होगी।

टीप :–

(i) विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है।

(ii) पद के समक्ष पुनरीक्षित वेतनमान दर्शाया गया है तथा निर्धारित वेतनमान में शासन द्वारा समय–समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते देय होंगे । परिवीक्षा अवधि में देय वेतन के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र कमांक एफ 1–1/2017/1–3, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 29.07.2020 एवं छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर, जिल –रायपुर के परिपत्र कमांक 372/260/वि/नि/चार/2020 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 29.07.2020 के अनुसार स्टेनोग्राफर (हिन्दी), स्टेनोटाइपिस्ट (हिन्दी) एवं डाटा एंट्री आपरेटर के सीधी भर्ती के पदों पर 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि में नियुक्त किए गए कर्मचारियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के कमशः उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 70 प्रतिशत, 80 प्रतिशत एवं 90 प्रतिशत राशि स्टाइपेण्ड के रूप में दिया जाएगा। परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर वेतनमान के न्यूनतम पर वेतन नियत किया जाएगा।

(iii) निःशक्त और भूतपूर्व सैनिक के पद के विरूद्ध सामान्य, अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) में से जिस श्रेणी का आवेदक होगा उसे हॉरिजेण्टल आरक्षण के कारण उस श्रेणी के अंतर्गत माना जायेगा ।

**नियम एवं शर्तें :–**

1. दिनांक 01.01.2021 की स्थिति में आवेदित पद के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु सीमा –

क. स्टेनोग्राफर (हिन्दी) – 18 वर्ष से कम एवं 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चहिये।
(छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा, लिपिक वर्गीय सेवा भर्ती नियम 2016)

ख. स्टेनोटाइपिस्ट (हिन्दी) – 18 वर्ष से कम एवं 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चहिये।
(छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा, लिपिक वर्गीय सेवा भर्ती नियम 2016)

ग. डाटा एंट्री आपरेटर – 18 वर्ष से कम एवं 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चहिये।
(छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा, लिपिक वर्गीय सेवा भर्ती नियम 2016)

आयु की गणना हेतु कांउसिलिंग (councilling) के समय हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**आयु में छूट** – उच्चतर आयु सीमा में, संबंधितों को छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किए गए निर्देशों के तहत छूट की पात्रता होगी। (छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, रायपुर के पत्र कमांक एफ 3–2/2015/1–3, अटल नगर रायपुर दिनांक 30.01.2019 से छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष में दी गई 05 वर्ष की छूट की अवधि को दिनांक 31.12.2023 तक बढ़ाया गया है।) अन्य विशेष वर्गों के लिए अधिकतम आयु सीमा में देय सभी छूट यथावत रहेगी। किंतु सभी छूटों को मिलाकर उनके लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

2. आवेदक को छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी होना चाहिए।
3. चयनित स्टेनोग्राफर (हिन्दी), स्टेनोटाइपिस्ट (हिन्दी) एवं डाटा एंट्री आपरेटर को 3 वर्ष की परिवीक्षाधीन अवधि में रखा जावेगा।
4. यदि किसी आरक्षित अथवा अनारक्षित प्रवर्ग में महिलाओं के लिए उपरोक्तानुसार आरक्षित पद उपयुक्त महिला अभ्यर्थी के अभाव के कारण चयन न होने से पद रिक्त रह जाते है तो ऐसे रिक्त पद अग्रणित (Carry forward) नहीं किये जायेंगे, ऐसे रिक्त पद उसी प्रवर्ग के उपयुक्त पुरूष अभ्यर्थी के चयन द्वारा भरे जा सकेंगे, जिस प्रवर्ग के लिए वे आरक्षित है। परन्तु यह और भी कि यदि किसी भी आरक्षित अथवा अनारक्षित प्रवर्ग में महिलाओं के लिए आरक्षित पदों पर निर्धारित संख्या में महिलाएं मेरिट के आधार पर ही उपलब्ध हो जाती हैं तो उस प्रवर्ग में महिलाओं के आरक्षित पदों के विरूद्ध उक्त प्रवर्ग की किसी अन्य महिला अभ्यर्थी का चयन नहीं किया जाएगा।
5. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
6. यदि आवेदक शासकीय, अर्द्धशासकीय सेवा में है तो चयनित होने पर उसे नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. चयनित उम्मीदवार को नियुक्ति के समय समस्त प्रमाण पत्र की मूल प्रतियां प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। चयनित होने के बाद यह ज्ञात हो कि अभ्यर्थी द्वारा फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए गए है, संज्ञान में आने पर तत्काल बर्खास्तगी की कार्यवाही की जावेगी।
8. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के स्थायी जाति प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति एवं उच्च स्तरीय छानबीन समिति से जाति सत्यापन प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति काउंसलिंग के समय अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा। उच्च स्तरीय छानबीन समिति द्वारा प्रदत्त जाति सत्यापन प्रमाणपत्र के अभाव में छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन

विभाग मंत्रालय नवा रायपुर के ज्ञाप क्र. एफ 13–4/2006/आप्र./1–3, नया रायपुर दिनांक 29.06.2013 के अनुसार शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

9. यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ राज्य के लिए है, अतएव चयनित उम्मीदवार को रिक्तियों के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी क्षेत्रीय कार्यालय यथा क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, राजनांदगांव, रायगढ़, अंबिकापुर एवं संचालनालय नवा रायपुर, अटल नगर एवं अन्य कार्यालय में पदस्थापना दी जायेगी। भविष्य में आवश्यकता अनुसार अन्य किसी भी क्षेत्रीय कार्यालय/संचालनालय/अन्य कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है।
10. यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं एवं शर्तो को पूरा करते है। अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर ले और अर्हता की समस्त शर्तो को पूरा करने पर ही आवेदन करें। परीक्षा/ काउंसिलिंग (councilling) में सम्मिलित किये जाने का अर्थ यह नहीं होगा कि आवेदक को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उनका आवेदन निरस्त कर उनकी उम्मीदवारी समाप्त की जायेगी।
11. व्यापम द्वारा जारी परीक्षा परिणाम सूची विज्ञापित पदों की पूर्ति तक वैध रहेगी।

**नोटः– लिखित परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को स्वयं के व्यय पर परीक्षा शहर/केन्द्र तक जाना होगा। इसके लिए यात्रा व्यय नहीं दिया जाएगा।**

परीक्षा पाठ्यक्रम :–

**स्टेनोग्राफर (हिन्दी), स्टेनोटाइपिस्ट (हिन्दी) एवं डाटा एंट्री आपरेटर भर्ती परीक्षा की परीक्षा व्यापम द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम से ही ली जाएगी।**

चयन प्रक्रिया :–

1 स्टेनोग्राफर (हिन्दी), स्टेनोटाइपिस्ट (हिन्दी) एवं डाटा एंट्री आपरेटर पदों पर चयन हेतु एक लिखित परीक्षा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा आयोजित की जावेगी। परीक्षा उपरांत प्राप्तांको के आधार पर मेरिट सूची जारी की जायेगी।

2 प्रवर्गवार रिक्तियों के अनुपात में परीक्षा में अधिकतम अंक अर्जित करने वाले परीक्षार्थियों को चयन हेतु चिन्हांकित किया जायेगा। प्रतियोगिता परीक्षा में अंतिम पद के विरूद्ध एक समान अंक अर्जित होने पर विभागीय भर्ती नियम में विहित शैक्षणिक अर्हता के प्राप्तांको को वरीयता दी जाएगी। इनमें भी समान अंक होने पर जन्म तिथि को वरीयता दी जाएगी एवं इसमें भी समान होने पर अंतिम निर्णय संचालक छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा के पास सुरक्षित रहेगा।

3 भर्ती प्रक्रिया के संबंध में उत्पन्न किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लिए जाने का अधिकार नियुक्तिकर्ता अर्थात संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा के पास सुरक्षित रहेगा।

4 परीक्षा उपरांत श्रेणीवार एवं वर्गवार मेरिट सूची व्यापम द्वारा विभाग को सौंपी जायेगी। मेरिट सूची के आधार पर तीनों पदों पर प्रमाण पत्रों की जांच पश्चात् चयन/नियुक्ति की कार्यवाही विभाग द्वारा की जावेगी।

5 अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग (councilling) के समय समस्त दस्तावेज मूल रूप से तथा सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी। चयन एवं प्रतीक्षा सूची हेतु आवश्यकतानुसार अभ्यर्थियों को मेरिट अंकों के आधार पर दस्तावेज सत्यापन हेतु आहूत किया जावेगा।

**परीक्षा पाठ्यक्रम तथा परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन की विधि, परीक्षा शुल्क भुगतान की विधि एवं अन्य जानकारी व्यापम की वेबसाईट https://vyapam.cgstate.gov.in/ पर देखा जा सकता है।**

**संचालक**
छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा
नवा रायपुर, अटल नगर